# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

## पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)

## ग्रामीण सेवा शिविर 2025 बुचावास

अनुवान पुरखा राम बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना–पत्र संख्या – 384 /2025

निर्णय दिनांक 18/09/25

पुरखा राम पुत्र काशी राम जाति नायक निवासी बुचावास तहसील तारानगर जिला चूरू

प्रार्थी

**बनाम**

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट**

**–::निर्णय::–**

प्रार्थी द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर 2025 बुचावास में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि खाता संख्या 470 खसरा सं. 2264/204 तादादी 2.3646 हैक्ट. भूमि रोही ग्राम बुचावास में दर्ज रिकॉर्ड है। जिसमें प्रार्थी का नाम पुरखाराम पुत्र कासु दर्ज है जो कि गलत है सही नाम पुरखा राम पुत्र काशी राम है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि नाम शुद्ध कर दर्ज करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र उसके संलग्न दस्तावेजों तथा तहसीलदार तारानगर से प्राप्त जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तहसीलदार ने अपनी जांच रिपोर्ट में प्रार्थी का नाम पुरखा राम पुत्र काशी राम किये जाने की अभिशंषा की है।

अतः कृषि भूमि रोही ग्राम बुचावास तहसील तारानगर के खाता संख्या 470 खसरा सं. 2264/204 तादादी 2.3646 हैक्ट. भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम पुरखाराम पुत्र कासु Delete कर इसके स्थान पर पुरखा राम पुत्र काशी राम अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 18/9/25 को ग्रामीण सेवा शिविर 2025 बुचावास में लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी तारानगर (चूरू)

Rajendra

(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)